श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 145, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरुवार, 31 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## गतिरोध टूटा, किसानों के दो मांगों पर बनी सहमति

## बाकी मुद्दों पर चार जनवरी को मंथन

**किसान संगठनों के साथ बुधवार को हुई सरकार की बातचीत बहुत सफल रही। कुल चार मुद्दों पर अड़े किसान संगठनों के दो प्रमुख मसलों पर आम सहमति बनी है। सरकार इन मांगों को मान लिया है। बाकी दो मांगों पर चर्चा के लिए चार जनवरी को फिर बैठक होगी...**



**सुरेंद्र प्रसाद सिंह, नई दिल्ली।** कृषि सुधारों पर आंदोलनकारी किसान संगठनों के साथ बुधवार को हुई वार्ता बहुत हद तक सफल रही। कुल चार मुद्दों पर अड़े किसान संगठनों के दो प्रमुख मसलों पर आम सहमति बनी है। सरकार इन मांगों को मान लेने के लिए राजी हो गई है। बाकी दो मांगों पर चर्चा के लिए चार जनवरी को फिर बैठक बुलाई गई है जिसमें उनका भी हल निकाल लिए जाने की उम्मीद जताई गई है। नए कृषि कानूनों पर उठाए जाने वाले एतराज के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाने पर रजामंदी हो सकती है।

कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर को पूरा यकीन है कि किसानों की शंकाओं का समाधान जरूर होगा। वार्ता खत?म होने के बाद बाहर आए कृषि मंत्री तोमर ने जोर देकर कहा कि किसानों की दो प्रमुख मांगों पर रजामंदी हो गई है। इनमें पहली पर्यावरण संबंधी अध्यादेश को लेकर है, जिसमें किसान और पराली का जिक्र किया गया है। किसानों की मांग थी कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई वाले प्रावधान बाहर किए जाएं। तोमर ने कहा कि सरकार इससे वाकिफ है। इसी तरह किसानों की दूसरी चिंता बिजली बिल संशोधन विधेयक को लेकर थी। फिलहाल यह विधेयक संसद में पेश नहीं किया गया है। किसान नेताओं को आशंका है कि यह कानून आया तो उनका बहुत नुकसान होगा। किसानों की मांग है कि सिंचाई के लिए जो सब्सिडी राज्य जैसे देते हैं वैसे ही चलती रहे। सरकार उनकी इस मांग पर रजामंद हो गई है।

बैठक के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि किसान नेताओं से नए कृषि कानूनों के बारे में बताया कि इन्हें बनाने की प्रक्रिया ढाई दशक से भी अधिक चली है। इसलिए इन्हें हटाने जैसी प्रक्रिया को अपनाने में समय लगेगा। इसके लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सकता है, जो कानून की अच्छाइयों और खामियों के बारे में अपनी रिपोर्ट तैयार करें। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसे पूरा करना जरूरी है।

एमएसपी पर सरकार लिखित आश्वासन देने को तैयार है। किसानों को एमएसपी से कम का भाव न मिले, इसके लिए भावांतर योजना को प्रभावी तरीके से लागू किए जाने का बंदोबस्त किया जा सकता है। इससे स्पष्ट है कि समस्या का समाधान हो जाएगा। किसान संगठनों के साथ सरकार की छठवें दौर की वार्ता की सफलता को लेकर बड़ी बड़ी आशंकाएं जताई जा रही थीं।

दरअसल, संयुक्त किसान मोर्चा ने मंगलवार की शाम को सरकार के पास अपने एजेंडा वाला एक पत्र भेजकर सनसनी फैला दी। उनका कहना था कि वे इन मुद्दों पर चर्चा केंद्रित करेंगे। नए कानूनों को रद करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की लीगल गारंटी पर सरकार को राजी होना ही होगा। उनके पत्र की इस तरह की अड़ियल भाषा को लेकर आशंकाएं बढ़ गई थीं। इसके बावजूद सरकार को पूरा भरोसा था कि वे इस बार किसान नेताओं को समझाने में कामयाब हो जाएंगे। उन्हें वास्तविक तथ्यों से अवगत कराया जाएगा।

विज्ञान भवन में दोपहर बाद ढाई बजे शुरू हुई वार्ता कई घंटे चली। इस दौरान लंच और दो बार चाय ब्रेक हुआ। किसान नेताओं ने पहले की वाताओं की तरह इस बार भी अपना लंच खुद मंगाया था। लंच ब्रेक में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर, पीयूष गोयल और सोम प्रकाश उनका लंगर खाने पहुंच गए। इस दौरान एक दूसर से अनौपचारिक बातचीत भी हुई। वार्ता में गतिरोध तोड़ने में यह अनौपचारिक बातचीत काफी कारगर साबित हुई। चाय ब्रेक के दौरान हंसी मजाक में ही किसान संगठनों की राजनीतिक हैसियत भी बता दी गई।



### कल रात 12 बजे थम जाएगी अविभाजित एमपी को रोशन करने वाली छत्तीसगढ़ की कोरबा संयंत्र की धड़कन

**प्रदीप बरमैया/कोरबा।** वर्ष 2020 के अंतिम दिन, 31 दिसंबर की रात ठीक 12 बजे ताप बिजली उत्पादन कंपनी की कोरबा पूर्व ताप विद्युत संयंत्र को बंद कर दिया जाएगा। 45 साल के लंबे सफर में इस संयंत्र ने न केवल अविभाजित मध्य प्रदेश। को रोशन किया, बल्कि देश के कई अन्य राज्यों को बिजली आपूर्ति की। 50-50 मेगावाट की चार इकाइयां दो साल पहले ही बंद कर दी गई थीं। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) के सहयोग से कोरबा पूर्व ताप विद्युत संयंत्र परिसर में वर्ष 1976 और 1981 में 120-120 मेगावाट की दो इकाइयां स्थापित की गई थीं। इसके साथ ही कोरबा को ऊर्जा राजधानी के रूप में पहचान मिली। इस इकाइयों से औसतन 90-90 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने अब छत्तीसगढ़ राज्य ऊर्जा उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) के अधीन संचालित संयंत्र से प्रदूषण अधिक होने पर एतराज जताते हुए राज्य सरकार से बंद करने की सिफारिश की थी। इसके बाद दो साल पहले 50-50 मेगावाट की चार इकाइयों को बंद किया जा चुका है। अब 31 दिसंबर की रात संयंत्र को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। दो इकाइयों में वर्तमान में विद्युत कंपनी के 454 नियमित कर्मचारी व 550 ठेका कर्मी कार्यरत हैं। इनमें से 150 अधिकारी-कर्मचारियों का स्थानांतरण हसदेव ताप विद्युत संयंत्र, कंपनी मुख्यालय रायपुर व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में किया जा चुका है। 50-50 मेगावाट की चार बंद इकाइयों को रायपुर की इंद्रमणी मिनरल प्राइवेट लिमिटेड ने स्क्रेप के रूप में 75 करोड़ रुपये में खरीदा है।

## यूपी में कोविड के नए स्ट्रेन के मिले दो मामले

## बिट्रेन से लौटे लोगों के सैंपल्स की जांच जारी

**लखनऊ, जेएनएन।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में बढ़ते कोविड के मामलों को लेकर प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर के बाद से जो लोग यूनाइटेड किंगडम से लौटकर आए हैं। लगातार उनके सैंपल्स की जांच कराई जा रही है। अब तक लगभग हम 2500 सैंपल भेज चुके हैं। इसमें से यूनाइटेड किंगडम से लौटकर आने वाले 10 लोग कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। इनके जीन्स सिंक्वेन्सिक के लिए प्रयोगशाला में भेजा में गया है। जिससे पता चले कि जिस नए वायरस की हम सभी चर्चा कर रहे हैं, वह है या नहीं।

अभी तक प्राप्त परिणाम के अनुसार, उत्तर प्रदेश में दो ऐसे मामले पाए गए हैं जिनमें कोविड के नए स्ट्रेन की पुष्टि हुई है। एक मामला मेरठ से आया है, जबकि दूसरा गौतमबुद्धनगर से आया है। अभी तक ऐसे सिर्फ दो मामले पुष्टि हुए हैं। जबकि 2112 मामले निगेटिव पाए जा चुके हैं। इनमें कोविड व नए स्ट्रेन की पुष्टि नहीं हुई है।



अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने कहा कि जब तक कोई वैक्सीन नहीं आ जाती और जब तक आपको वैक्सीन नहीं लग जाती और जब तक इसकी कोई निश्चित दवा नहीं आ जाती, तब तक बचाव ही सबसे अच्छा उपचार है। अपने हाथ को साबुन-पानी से बार-बार धोते रहें। मुंह और नाक को मास्क, रुमाल से ठीक से ढक कर रखें। लोगों से दो गज की दूरी बनाए रहें। इस सभी सावधानियों का उपयोग कर खुद को संक्रमण से बचाए रखें।

उन्होंने बताया कि अब तक कुल मिलाकर 2,37,93,270 की जांच की जा चुकी है। 14155 एक्टिव इंफेक्शन केसस में से 6142 होमआइसोलेशन में हैं। वहीं, 1275 निजी चिकित्सालयों में भुगतान के आधार पर अपना इलाज करा रहे हैं। बाकी के सभी व्यक्ति राजकीय निश्शुल्क व्यवस्था एल-1, एल-2, एल-3 में अपना इलाज करा रहे हैं। ई-संजिवनी पोर्टल पर कल घर बैठे 4452 लोगों ने डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया है। यह पूरी प्रक्रिया वीडियो कॉलिंग के द्वारा होता है। अब तक कुल 3,27,720 लोगों ने इसका लाभ उठाया है। सर्विलंस की गतिविधि बहुत ही महत्वपूर्ण होती है, इस संक्रमण को नियंत्रित रखने के लिए। इस क्रम में अबतक 1,79,410 इलाकों में चार लाख न्यानबे हजार अड़तालीस टीम के माध्यम से तीन करोड़ नौ लाख ब्यालीस हजार नौ सौ चौरासी घरों का सर्विलांस किया गया है। इनमें रहने वालों की संख्या 15 करोड़ 5 लाख 42 हजार 7 सौ 27 है।

माघ मेला और वृंदावन में संत समागम (कुंभ मेला) इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही आने वाले पर्व व अन्य मेलों में जो भी प्रतिभाग करेंगे, उन्हें पांच दिन के भीतर का आरटीपीसीआर निगेटिव का सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य होगा। माघ मेला में कल्पवास करने के लिए भी इस सर्टिफिकेट का साथ लाना आवश्यक होगा।

## यूपी में अनुसूचित जनजाति समाज के युवाओं के लिए चलेगा सरकारी नौकरियां देने का अभियान

**जनजाति विकास विभाग ने जनजाति समग्र विकास के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया। अब तक हुए काम और भविष्य की योजनाओं का ब्योरा लेने के साथ ही सीएम योगी ने कहा कि जनजातियों की संस्कृति को समृद्ध करने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है।**

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुसूचित जनजाति समाज के समग्र विकास के लिए इस समुदाय का सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसके तहत युवाओं के लिए कोचिंग का इंतजाम होगा, जबकि स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करते हुए सरकार कौशल विकास कर लोन दिलाने की व्यवस्था भी करेगी।

जनजाति विकास विभाग ने जनजाति समग्र विकास के संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया। अब तक हुए काम और भविष्य की योजनाओं का ब्योरा लेने के साथ ही सीएम योगी ने कहा कि जनजातियों की संस्कृति को समृद्ध करने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है कि समाज में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो।

**सभी योजनाओं का मिले लाभ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है कि अनुसूचित जनजाति समुदाय को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिले। सीएम योगी ने कहा कि इस समुदाय को सरकारी नौकरियों में अभियान चलाकर पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाए और उनके लिए कोचिंग आदि की व्यवस्था भी की जाए। साथ ही कौशल विकास के कार्यक्रमों से भी उन्हें जोड़ने को कहा गया।

**बैंकों से ऋण उपलब्ध कराया जाए :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें लोन मेलों के माध्यम से बैंकों से ऋण उपलब्ध कराया जाए। सीएम योगी ने बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से संतृप्त करने की व्यवस्था करें।



**अनुसूचित जनजाति समाज पर केंद्रित महोत्सव :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अनुसूचित जनजाति समाज पर केंद्रित एक महोत्सव भी होना चाहिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी तथा प्रमुख सचिव समाज कल्याण बीएल मीणा आदि उपस्थित थे।

**प्रदेश में कुल 15 जातियां हैं सूचीबद्ध :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया गया कि राज्य की कुल आबादी में अनुसूचित जनजाति समुदाय की जनसंख्या 11,34,273 है, जो प्रदेश की कुल आबादी का 0.56 फीसद है। प्रदेश की जनजातीय जनसंख्या अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड और अंडमान-निकोबार की जनजातीय जनसंख्या से अधिक है। भारत सरकार द्वारा प्रदेश की 15 जातियां- थारू, बुक्सा, भोटिया, जौनसारी, राजी, गोंड (धुरिया, नायक, ओझा, पठारी, राजगोंड), खरवार/खैरवार, सहरिया, परहिया, बैगा, पंखा/पनिका, अगरिया, पटारी, चेरो और भुंइया/भुनिया अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में सूचीबद्ध हैं। यूपी में सर्वाधिक चार लाख जनजातीय जनसंख्या सोनभद्र में है। समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने अनुसूचित जनजाति समुदाय द्वारा निर्मित उत्पाद योगी को भेंट किए।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल के बड़े फैसले, अनाज से एथनॉल का प्रस्ताव मंजूर, तीन लाख रोजगार पैदा करने के लिए योजना को भी मंजूरी

**केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बड़े फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इन फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि दो ट्रेड कॉरिडोर बन रहे हैं जिससे माल ढुलाई अच्छे से होगी। जहां माल ढुलाई होगी उस कॉरिडोर के साथ जहां एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट भी हैं।**

**नई दिल्ली, एजेंसियां/जेएनएन।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में बड़े फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इन फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 7,725 करोड़ रुपए की लागत से लगभग तीन लाख रोजगार पैदा करने के लिए योजना को मंजूरी मिली है। मंत्रिमंडल ने कृष्णपत्तनम और तुमाकुरू में औद्योगिक गलियारा और ग्रेटर नोएडा में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक केंद्र को मंजूरी दी है। कृष्णपट्टनम बंदरगाह में 2,139 करोड़ रुपए की लागत से औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जाएगा।

जावड़ेकर ने बताया कि दो ट्रेड कॉरिडोर बन रहे हैं जिससे माल ढुलाई अच्छे से होगी। जहां माल ढुलाई होगी उस कॉरिडोर के साथ जहां एक्सप्रेस-वे हैं, बंदरगाह हैं, रेलवे की सुविधा है और एयरपोर्ट भी हैं। ऐसी जगहों पर औद्योगिक शहरों का विकास करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस्टोनिया, पैराग्वे और डोमिनिकन रिपब्लिक में भारतीय मिशन खोले जाने को मंजूरी दे दी है। इससे इन तीनों देशों के साथ व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत किए जा सकेंगे। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने दी। कैबिनेट फैसलों की जानकारी मीडिया को देते हुए जावडेकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी देशों के साथ अच्छे संबंध रखना चाहते हैं। इन तीन देशों में भारतीय मिशन की स्थापना इसी दिशा में एक कदम है। इस संबंध में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक ट्वीट में कहा कि इस फैसले से भारत के इन तीन देशों से रिश्ते बेहतर होंगे।

कैबिनेट ने एक अन्य फैसले में भारत और भूटान के बीच अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए हुए समझौते को मंजूरी दे दी। दोनों देशों के बीच यह समझौता 19 नवंबर को हुआ था।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि पारादीप पोर्ट में एक वेस्टर्न डॉक बनाने के लिए नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने 3000 करोड़ रुपये के खर्च से एक आधुनिक और विश्व स्तरीय बंदरगाह निर्माण करने का फैसला लिया है।

किसानों को उनकी उपज का उचित व लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने एक और नीतिगत पहल की। गन्ने के बाद अब गेहूं, चावल, मक्का और अन्य खाद्यान्न से भी एथनॉल उत्पादन की मंजूरी दे दी गई है, ताकि बाजार में कृषि उपज का अच्छा मूल्य प्राप्त हो सके। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि मंत्रिमंडल ने देश में इथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए संशोधित योजना मंजूर की। देश में पहली पीढ़ी इथेनॉल के उत्पादन के लिए संशोधित योजना के तहत अनाज (चावल, गेहूं, जौ, मक्का और शर्बत), गन्ना, चीनी पत्ता आदि से इथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने इथेनॉल उत्पादन संयंत्रों के लिए 4,573 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद को भी मंजूरी दी।



सरकार के इस फैसले से जहां अतिरिक्त अनाज की खपत हो जाएगी, वहीं पेट्रोलियम की आयात निर्भरता को घटाने में भी मदद मिलेगी। एथनॉल उत्पादन की क्षमता बढ़ाने के लिए मिलों को सस्ता ऋण मुहैया कराया जाएगा, जो छह फीसद तक हो सकता है। यह मदद उन सभी इकाइयों को दी जाएगी जो गन्ने के शीरा अथवा खाद्यान्न आधारित डिस्टीलरी की स्थापना करेंगी। सरकार इसके पहले भी एथनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 4687 करोड़ रुपये की मंजूरी दे चुकी है। सरकार कंपनियों को अगले 10 साल तक एथनॉल का उचित मूल्य दिलाने को प्रतिबद्ध है।

ब्याज सब्सिडी उन्हीं एथनॉल कंपनियों को मुहैया कराई जाएगी, जो अपने उत्पादन का 75 फीसद हिस्सा तेल कंपनियों को बेचेंगी। फिलहाल देश में शीरा आधारित 426 करोड़ लीटर एथनॉल उत्पादन की क्षमता है। एथनॉल का प्रयोग शराब उद्योग और पेट्रोल में मिलाने के लिए होता है। गन्ना वर्ष 2019-20 (दिसंबर से नवंबर) में पेट्रोल में औसतन नौ फीसद एथनॉल मिलाया गया। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि घरेलू एथनॉल उत्पादन बढ़ाकर 2030 तक पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को 20 फीसद तक पहुंचाने का लक्ष्य है। देश में एथनॉल उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 1750 करोड़ लीटर तक ले जाना है, जिसके लिए कुल 40 हजार करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत होगी। पेट्रोल में 20 फीसद एथनॉल मिलाने और केमिकल उद्योग के साथ अन्य उपयोग के लिए 2030 तक कुल 1400 करोड़ लीटर एथनॉल की जरूरत होगी। इसमें 1000 करोड़ लीटर की जरूरत पेट्रोल में मिलाने के लिए होगी, बाकी हिस्सा अन्य उपयोग के लिए होगा। चीनी से तकरीबन 700 करोड़ लीटर एथनॉल का उत्पादन कर लिया जाएगा। इसके लिए 60 लाख टन चीनी की जरूरत होगी, जिससे चीनी उद्योग की स्टॉक की समस्या का समाधान होगा और घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों में गिरावट रोकने में मदद मिलेगी। इसका फायदा गन्ना किसानों को मिलेगा, जिससे समय पर भुगतान करने में सहूलियत होगी। अतिरिक्त 700 करोड़ लीटर एथनॉल बनाने के लिए तकरीबन 1.75 करोड़ टन खाद्यान्न की जरूरत होगी। इससे किसानों को उनकी उपज का अच्छा मूल्य मिलने का एक और रास्ता खुल जाएगा।

### आठवीं बार यूएनएससी का अस्थाई सदस्य बनेगा भारत, एक जनवरी से दो वर्षों के लिए होगी भारत की सदस्यता

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत इस शुक्रवार को दुनिया की सबसे बड़ी पंचायत संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष निर्णायक बॉडी यानी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थाई सदस्य बन जाएगा। भारत की सदस्यता एक जनवरी, 2021 से दो वर्षों के लिए होगी। भारत आठवीं बार यूएनएससी का अस्थाई सदस्य बनेगा और यूएन की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक अगस्त, 2021 में एक महीने के लिए परिषद का अध्यक्ष भी होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत इस कार्यकाल का उपयोग संयुक्त राष्ट्र में सुधार के अधूरे एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए करेगा। यूएनएससी के पांच स्थाई सदस्यों में से चार (अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस) पहले ही भारत के चुनाव का स्वागत कर चुके हैं और साथ ही भारत के साथ काम करने की इच्छा भी जता चुके हैं। भारत के अलावा मैक्सिको, आयरलैंड और नार्वे भी दो वर्षों के लिए अस्थाई सदस्य बने हैं। सूत्रों का कहना है कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक गठबंधन को और मजबूत बनाना भारत की प्राथमिकता रहेगी, लेकिन मौजूदा परिवेश को देखते हुए भारत कोरोना के खिलाफ वैश्विक सहयोग में और सकारात्मक भूमिका निभाएगा। अब जबकि भारत को कोरोना वैक्सीन के मैन्यूफैक्चरर्स के तौर पर पूरी दुनिया देख रही है तब भारत की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक भारत सबसे पहले 1950-51 में यूएनएससी का अस्थाई सदस्य बना था। उसके बाद 1967-68 में, फिर 1972-73, 1977-78, 1984-85, 1991-92 और 2011-12 में भी अस्थाई सदस्य के तौर पर चयनित हुआ था। अपने हर कार्यकाल में भारत ने विकासशील देशों के हितों के लिए और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में शांति स्थापित करने के लिए खास तौर पर काम किया है।

## ED ने पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के घर से 100 संपत्तियों के दस्तावेज किए बरामद

**वढ ट्रल्लल्लॅ रूं ईडी की छापेमारी में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के आफिस से 11 लाख रुपये के पुराने नोट पांच लाख रुपये कीमत के सादे स्टांप पेपर 1.50 लाख रुपये बरामद किए हैं। 100 संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। इनमें कई बेनामी संपत्तियां शामिल हैं।**

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** समाजवादी पार्टी के शासनकाल में हुए बहुचर्चित खनन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने समाजवादी पार्टी सरकार के पूर्व मंत्री व खनन घोटाले के आरोपित गायत्री प्रसाद प्रजापति के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। लखनऊ, कानपुर और अमेठी में सात स्थानों पर ईडी ने छापा मारा और देर रात तक छानबीन जारी रही।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने लखनऊ में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के घर व आफिस में छानबीन के अलावा अमेठी में उनके आवास को खंगाला। ईडी ने गायत्री प्रजापति और उनके पुत्र अनिल प्रजापति की कंपनियों का लेखा-जोखा रखने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के कानपुर स्थित दफ्तर पर भी घंटों छानबीन की। छापेमारी के दौरान गायत्री के आफिस से 11 लाख रुपये के पुराने नोट, पांच लाख रुपये कीमत के सादे स्टांप पेपर, 1.50 लाख रुपये बरामद किए हैं। इसके अलावा करीब 100 संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। इनमें कई बेनामी संपत्तियां भी शामिल हैं।



**एकसाथ अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी :** ईडी लखनऊ आफिस के जोनल डायरेक्टर राजेश्वर सिंह के निर्देश पर बुधवार सुबह करीब 10 बजे तीन शहरों में छापेमारी की कार्रवाई शुरू हुई। ईडी की टीमों ने एकसाथ अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई शुरू की थी, जो देर रात तक जारी रही। ईडी लखनऊ व प्रयागराज यूनिट के अफसरों ने पुलिस बल के साथ गायत्री व उनके सीए के अलावा कुछ करीबियों के ठिकानों पर भी छानबीन की।

**करीबी के नाम कई बेनामी संपत्तियां खरीदी :** अमेठी निवासी एक करीबी के नाम पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति ने कई बेनामी संपत्तियां खरीदी थीं। खनन घोटाले की जांच के दौरान ईडी को कई बेनामी संपत्तियां खरीदने जाने की पुष्टि हुई थी। सूत्रों के अनुसार गायत्री और उनके पुत्र की कंपनी एमजे कॉलोनाइजर्स के जरिए अवैध खनन की काली कमाई को कई बेनामी संपत्तियों में लगाया गया था।

**गई संपत्तियों के दस्तावेज मिले :** पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के ठिकानों से संपत्तियों के जो दस्तावेज बरामद किए गए हैं, उनकी रजिस्ट्री बेहद कम मूल्य में कराई गई थी। ईडी अब इन संपत्तियों की असली कीमत का मूल्यांकन भी करेगी। गायत्री ने अपने परिवारीजन व करीबियों के नाम इन संपत्तियों को खरीदा था। ईडी के अफसरों के अनुसार छापेमारी में लखनऊ, कानपुर, सीतापुर व मुंबई में खरीदी गई संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं।

**सीबीआइ की भी चल रही जांच :** बुधवार को हुई छापेमारी के दौरान लखनऊ के हैवलक रोड स्थित पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के आवास को भी खंगाला गया। इसके अलावा गायत्री के बिजनौर रोड स्थित कार्यालय को भी खंगाला गया। उल्लेखनीय है कि खनन घोटाले में ईडी ने बीते दिनों पूर्व मंत्री गायत्री से लंबी पूछताछ भी की थी। गायत्री वर्तमान में दुष्कर्म के एक मामले में जेल में निरुद्ध हैं। खनन घोटाले की सीबीआइ जांच भी चल रही है।

## संक्षेप समाचार

### किसानों में आक्रोश मारपीट, मुकदमा

**खीरी।** खीरी थाना क्षेत्र के खीरी हाट शाखा केंद्र पर किसानों और मार्केटिंग इंस्पेक्टर के बीच धान खरीदने की लेकर आक्रोश का स्थिति बन गया । जिसमें मारपीट का आरोप लगाते हुए किसानों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज किया। जानकारी के अनुसार कोरांव तहसील क्षेत्र के खीरी हाट शाखा केंद्र पर रोज की तरह बुधवार को भी किसान अपना धान बेचने गए थे ।आरोप है कि यहां पर पांच कांटा लगना चाहिए किंतु एक कांटा से मार्केटिंग इंस्पेक्टर द्वारा बहुत धीमी गति से खरीद करवाई जा रही थी। यह भी आरोप है कि मार्केटिंग इंस्पेक्टर कुछ नशे में था। धान खरीद और कांटा का संख्या बढ़ाने हेतु बातचीत चल रही थी ,जिसमें गर्मा - गर्मी का माहौल बन गया ।सूचना पर खीरी पुलिस भी आ पहुंची। जिसमें अनुराग शुक्ला निवासी कऊंदी व वरुण दिवेदी निवासी गोबरा, खौरिया थाना खीरी के विरुद्ध खीरी पुलिस ने एफ आई आर दर्ज की है। जिससे किसानों में आक्रोश बना है।

### 35 कैदियों की आंखों का हुआ आपरेशन, शुगर की वजह से छह का रुका

**नैनी।** केंद्रीय कारागार नैनी के 35 कैदियों की आंखों का मंगलवार को शहर के मनोहरदास नेत्र चिकित्सालय में मोतियाबिंद का आपरेशन किया गया। छह कैदियों की शुगर बढ़ी होने की वजह से आपरेशन नहीं हो पाया, जबकि एक कैदी जा नहीं सका था। लायंस क्लब अरुणिमा के डा. अर्पणधर दुबे की ओर से कैदियों की आंखों का चेकअप कराया गया था। जिसमें 42 बुजुर्ग कैदियों की आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत आई थी।

### पत्रकार के पिता का निधन, परिवार एवं पत्रकारों में शोक की लहर

**जंघई।** वरिष्ठ पत्रकार अनिल पांडेय संतोष एवं वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र पांडेय के पिताजी मोतीचंद्र पांडेय निवासी सेवना के आकस्मिक निधन पर परिजन शेषर पांडेय, सागर पांडेय, राहुल, नितिन, प्रतीक, शिवेंद्र, रुद्र, कार्तिक तथा पत्रकारों में गंगा प्रसाद तिवारी, रवि पांडेय, संजीव त्रिपाठी, विनोद पांडेय, जितेंद्र तिवारी, भोला यादव, संदेश मिश्रा, गोपाल पांडेय, रामकृष्ण पांडेय, शिवकुमार पटेल, महेंद्र कुशवाहा, मो.इसरार आदि शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दो मिनट का मौन रखा।

## अतीक के खास हिस्ट्रीशीटर मल्ली के मकान पर चला पीडीए का बुल्डोजर



हिस्ट्रीशीटर मल्ली का मकान ध्वस्त करता जेसीबी

**प्रयागराज।** पूर्व सांसद अतीक अहमद के करीबियों पर पीडीए का शिकंजा कसता जा रहा है। बुधवार को पीडीए ने अतीक के सबसे खास माने जाने वाले आशिक उर्फ मल्ली के मकान को जमींदोज किया। धूमनगंज के उमरी गांव स्थित मकान को पीडीए ने ध्वस्त कर दिया । दो जेसीबी की मदद व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की गई।

मौजूदा समय में जौनपुर जेल में बंद मल्ली पर बगैर नक्शा पास किए मकान बनाने पर कार्रवाई की गई है। 2 दर्जन से अधिक संगीन मामलों में आरोपित मल्ली धूमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। पीडीए की कार्रवाई लगभग 3 घंटे तक चलती रही ।

## किसान विरोधी है कृषि बिल, किसानों के हित के नाम पर कारपोरेट घरानों का हित करने में लगी है सरकार : सत्येन्द्र सिंह

**जसरा।** केन्द्र सरकार के तीनों कृषि विधेयकों पर विचार विमर्श करने हेतु जसरा के फुलवरिया में किसानों के बीच एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वराज विद्यापीठ से जुड़े समाजसेवी एवं किसानों के हित में कार्य करने वाले सत्येंद्र सिंह, विभूति विक्रम, विनोद विक्रम एवं शशांक शंकर ने उपस्थित किसानों को कृषि विधेयकों के बारे में विस्तार से बताया। सर्वप्रथम प्रयागराज से पधारे सत्येंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि बिल किसानों के हित में ना होकर यह असल में पूंजी पतियों के हित साधक हैं । इसी क्रम में विभूति विक्रम जी ने एमएसपी के बारे में किसानों को जानकारी दी तो विनोद विक्रम ने कांट्रैक्ट फार्मिंग की असलियत को किसानों के समक्ष रखा। प्रयागराज से ही पधारे शशांक शंकर ने कहा कि दिल्ली में आंदोलनरत किसानों के प्रति सरकार की संवेदन शीलता शून्य है। इस चिलचिलाती ठंड में भूख हड़ताल पर बैठे किसानों की बात सरकार नहीं सुन रही है। अंत में गांव की नई आवाज पत्रिका के संपादक विजय चितौरी जी ने किसानों को संगठित होने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा। उक्त बैठक में समाजसेवी चंद्र प्रकाश कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, ननकू राम, सखीचंद, ज्ञान प्रकाश, शंकर लाल कुशवाहा, लखन प्रतापगढ़ी आदि उपस्थित रहे। उपस्थित किसानों ने किसान आंदोलन के प्रति अपना समर्थन जताया।



कृषि बिल को लेकर किसानों को जागरूक करते हुए

### बेटी बचाओं एवम बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता रैली एक जनवरी को

**करमा।** आराध्या फाउन्डेशन की अध्यक्ष डा. आराध्या सिंह कें मुताबिक नव वर्ष कें प्रथम दिन वह अपने पदाधिकारियों सहित आम लोगों कें साथ मिलकर बेटी बचाओं -बेटी पढ़ाओ की रैली का आयोजन करेंगीं इस दौरान विभिन्न इंटर कालेज कें छात्राओं सहित वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित होंगें साथ ही उन्होने यह भी जानकारी प्रदान करतें हुए बोली कि इस अवसर पर अनूप टंडन, सोनाली मिश्रा, प्रीती द्विवेदी, कमल नयन सिंह, बृजेन्द्र सिंह समेत कई लोगों कों सोलर, लैपटॉप भी वितरित करेंगीं। मीडिया कों लिखित जानकारी कें मुताबिक उनकी संस्थान अब तक सैकड़ो लोगों सौर ऊर्जा एवम लैपटॉप वितरित कर चुकी हैं ।

## मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हो रही हैराफेरी

**करछना।** क्षेत्र के कई गांवों में इन दिनों चल रहे मतदाता सूची संसोधन में वर्तमान प्रधानों द्वारा बीएलओ की मिलीभगत से अपने पक्ष से अधिक और अवैध लोगों को सूची में जोड़ने की मनमानी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। क्षेत्र के रोकड़ी गांव में इसे लेकर ग्राम वासियों ने तहसीलदार करछना से शिकायत करते हुए जांच की मांग की है। शिकायती पत्र के मुताबिक प्रधान द्धारा कई नाबालिगों को भी नई मतदाता सूची में नाम जोड़वाया गया है। जिसकी खबर मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव के लोगों का कहना है कि बीएलओं प्रधान के साथ मिलकर उनके इशारे पर इस तरह का कार्य कर रहे हैं और गांव से कई नाबालिगों का नाम और जाति विशेष को सूची में जोड़वा दिया है। इसी प्रकार कई गांवों में आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए प्रधानों द्वारा बीएलओं की मिलीभगत से इस तरह नामों को जोड़ा जा रहा है जो चुनाव में उनकी मदद् कर सकें। ग्रामीणों ने तहसीलदार से ऐसा कार्य करने वाले बीएलओं पर जांचोपरांत कार्रवाई करते हुए वोटर लिस्ट में सुधार करवाने की मांग की है।



तहसीलदार से मतदाता सूची में हेरीफेरी की शिकायत करते ग्रामीण

### कोरोना वायरस के स्ट्रेन से जिले का स्वास्थ्य महकमा अलर्ट

**प्रयागराज।** कोरोना वैक्सीनेशन की तैयारियों के बीच अब मेरठ समेत भारत में छह लोगों के नए स्ट्रेन से संक्रमित पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। नए स्ट्रेन को एक और बड़ी चुनौती मान कर डॉक्टरों ने कोविड केयर सेंटरों में तैयारी शुरू कर दी है। नए स्ट्रेन वाले मरीजों को भर्ती करने के लिए बेली अस्पताल में 10 बेड का इंटरनेशनल ट्रेवलर वार्ड पहले ही बन चुका है। अब स्वरूपरानी नेहरू कोविड अस्पताल को भी उसी अनुसार सुविधाओं से लैस किया जाने लगा है। इसकी अलग से कार्ययोजना अगले एक दो दिन में फाइनल हो जाएगी। यह तय करना अभी बाकी रह गया है कि एसआरएन के कोविड अस्पताल में स्ट्रेन के लिए वार्ड को अलग कैसे किया जाए। कोरोना के नए स्ट्रेन के संक्रमित मिलने की संभावना पर स्वास्थ्य महकमा उन्हें लाने ले जाने के लिए एंबुलेंस भी अलग करेगा। यानी जिस एंबुलेंस को इसके लिए सुरक्षित किया जाएगा, उससे कोरोना वायरस के दूसरे संक्रमित मरीज नहीं ले जाया जाएगा।



कोचिंग के बाहर जुटे छात्र

### यूनिवर्सिटी और प्रतियोगी छात्रों का गुट आमने-सामने

**प्रयागराज।** बुधवार को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले और इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय (इविवि) के छात्र आमने-सामने हो गए। हालांकि, माहौल बिगड़ने से पहले काफी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई। ऐसे में किसी तरह का बवाल नहीं हो सका। पुलिस दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास कर रही है। दरअसल, मम्फोर्डगंज निवासी दुर्गेश कुमार सिंह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में विधि तृतीय वर्ष का छात्र है। मंगलवार को वह अपने मित्र संदीप वर्मा के साथ मनमोहन पार्क के पास स्थित एक कोचिंग में भाई के प्रवेश के लिए पहुंचा। दुर्गेश का आरोप है कि उस समय वहां कोचिंग संचालक मारुफ और फारुक अपने कई साथियों के साथ मौजूद थे। वह भाई के प्रवेश के संबंध में बात कर रहा था कि इसी बीच विवाद हो गया। आरोप है कि सभी उसे अपशब्द कहते हुए डंडे से पीटने लगे। उसके मित्र को भी पीटा गया। कोचिंग संचालक ने पिस्टल सटाते हुए धमकी दी। यह भी आरोप लगाया कि प्रवेश के लिए उसके पास मौजूद 6500 रुपये भी छीन लिए गए। पुलिस ने दुर्गेश की तहरीर पर मारुफ, फारुक, आशीष सिंह, जावेद, भानू, शफीक को नामजद करते हुए कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बुधवार को सुबह छात्रों का एक गुट छात्रसंघ भवन और प्रतियोगी छात्रों का गुट कोचिंग के बाहर जुट गया। एक पक्ष कोचिंग बन्द कराने और दूसरा कोचिंग खोले जाने की मांग पर अड़ा था। मामले में अभी पुलिस दोनों गुटों को समझाने का प्रयास कर रही है।

## भोगीपुर प्रीमियर लीग हैंडरम क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

**जंघई।** भोगीपुर प्रीमियर लीग हैंडरम क्रिकेट टूर्नामेंट का आए हुए अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम भोगीपुर चौरा माता मंदिर पर चौरा माता का पूजा अर्चन कर ग्राउंड पर नारियल फोड़ कर समाजसेवी दिनेश कुमार शुक्ल, विजय मिश्रा एवं रतन मिश्रा के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन करने के बाद आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर जन कल्याण सेवा संघ के द्वारा सम्मान समारोह रखा गया ।जिसमें आए हुए अतिथियों को क्रांतिकारियों की फोटो एव अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।उद्घाटन मैच केपीएल क्रिकेट क्लब कोइलहा एवं वतन जी टी 20 क्रिकेट क्लब बिरगहिपुर का मैच हुआ। निर्धारित 7 ओवरों में वतन जी टी 20 क्रिकेट क्लब ने 70 रन बनाए जवाब में केपीएल क्रिकेट क्लब पीछा करते हुए 57 रन पर आउट हो गईबिरगहिपुर की टीम 13 रनों से उद्घाटन मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं।इस मौके पर पंडित उमेश शुक्ला, विजय कुमार तिवारी, श्रीनाथ शर्मा, तूफानी गुप्ता लीडर, विशाल तिवारी, ऋषभ तिवारी, रामचंद्र मिश्रा, लल्लन तिवारी, अनिल तिवारी, अवधेश तिवारी, संजय तिवारी, रवि तिवारी, शिवम, प्रत्युष, आदित्य, पंकज चौधरी, आकाश शर्मा, गुलाब यादव, विजय मिश्रा, रोहित ठाकुर एवं भोगीपुर प्रीमियर लीग तथा जन कल्याण सेवा संघ की पूरी टीम उपस्थित रही।



क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते अतिथिगण

### सर्द हवा ने बढ़ाई गलन, अलाव का सहारा ले रहे लोग

**करछना।** नया साल आने के पहले बीत रहे दिसम्बर के अंतिम दिनों में सर्द हवा के चलते गलन बढ़ने लगी है। सुबह देरतक कोहरा छाने और शाम होते ही अचानक गलन बढ़ने से लोगों को और पशुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गांवों में दिनभर लोग अलाव का सहारा ले रहे है तो वही सड़को पर भी कान मुंह ढ़ककर ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़ों का इस्तेमाल कर रहे है। करछना के महेवा गांव के किसान विनोद सिंह बताया कि तेज कोहरे के चलते फूल लेने वाली दलहनी और तिलहनी फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा जबकि बढ़ती ठंड़ गेहूं की फसल के लिए काफी लाभदायक है।

## प्रधान हुए पैदल, पंचायत चुनाव की चर्चाओं का दौर प्रारम्भ

**करमा।** प्रदेश में वर्तमान समय में ग्राम प्रधानों कें कार्यकाल खत्म हों चुका और सूबे कें मुखिया योगी आदित्यनाथ जी पंचायत चुनाव एवम शपथ ग्रहण तक प्रशासक भी नियुक्त कर चुके हैं इस समय प्रधान पूरी तरह से पैदल हों चुके हैं और उन्हें अपनी कुर्सी की चिंता भी सताने लगी हैं विश्वस्त सूत्रों कें मुताबिक एक माह कें अंतराल में ही परिसीमन से लेकर चुनाव की घोषणा भी हों जायेगी ऐसे समय में प्रधानों कों पुनः मतदाताओ की याद आ रहीं हैं अधिकांश लोग जो पूरे पाँच वर्षों में अपने प्रधान का दीदार नही कर पाये प्रधान जी कों फुर्सत नही मिल रहीं थी किन्तु अब प्रधानी जानें कें डर से प्रधान गण मतदाताओं कें बीच ही अपना समय बिता रहें हैं इतना ही नही लोगों कों मार्ग, आवास, पेंशन इत्यादि का व्यापक पैमाने पर पुनः जीतने पर आश्वासन भी मिल रहें हैं लेकिन विभिन्न गाँवों में लोग बदलाव चाह रहें हैं इस दिशा में लोग विशेषकर युवा एवम शिक्षित व्यक्ति कों ही अपने मुखिया कें रूप में देखना चाहते हैं साथ ही इस बार कें चुनाव में जाति, धर्म की भी दुहाई देकर लोग दोबारा मौका हासिल करना चाह रहें हैं ग्राम सभाओं में विभिन्न स्थानों पर शराब एवम माँस का भी वितरण किया जा रहा हैं। यमुनापार कें घूरपुर, गौहनिया, जसरा, करमा, पूराघीसन, घटवा इत्यादि प्रमुख चौराहों समेत गाँव कें चौराहों पर स्थित चाय की दुकानों पर प्रत्याशियों कें चयन एवम नये प्रधान की ताजपोशी से संबधित चचाओं का दौर चालू हैं। इस बार ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत एवम जिला पंचायत का चुनाव एक साथ मार्च महीनें में करायें जानें की चचाएं हैं ।



### राजन सिंह जिला अध्यक्ष मनोनीत

**प्रयागराज।** राजन सिंह यूथ ब्रिगेड के साथ प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने का काम करेंगे भारतीय जनता पार्टी ने राजन सिंह के पूर्व के कार्यक्रमों को देखते हुए खेलकूद प्रभारी का भदोही जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। राजन सिंह जनसंदेश टाइम्स को बताया कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ हमें पद दिया है उसका बखूबी निर्वहन करुंगा। प्रधानमंत्री' जन कल्याणकारी योजनाओं को हमारे कार्यकर्ता घर-घर पहुंचाने का काम करेंगे। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

## मताधिकार का सदुपयोग करें समाज : राघवेन्द्र

**करमा।** शिक्षित एवम अनुभवी व्यक्ति ही समाज कों सफलता एवम विकास की ऊंचाइयों तक लें जा सकता हैं इसलिए सभी लोग ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत सहित अन्य प्रमुख पदों पर योग्य, युवा एवम शैक्षिक व्यक्ति कें हाथों में गाँव की कमान सौंपे क्योंकि ऐसा करनें से विभिन्न प्रकार कें विकास एवम बहुतायत ढंग से समाज एवम राष्ट्र लाभान्वित होगा उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम शिक्षक राघवेन्द्र ठकुरिया बुधवार कों दोपहर' युवा ही राष्ट्र का आधार' नामक विषय पर वर्चुअल बैठक कें माध्यम से युवाओं कों सम्बोधित कर रहें थे इस अवसर पर उन्होने यह भी कहा कि हर व्यक्ति कों अपने मताधिकार की ताकत कों समझना होगा इसके साथ ही बहुत ही सूझबूझ से उसका पालन भी करना होगा जब हम अपने मताधिकार का प्रयोग सही व्यक्ति कों देकर करेंगें तों स्वतः ही विकास एवम सम्मान की बयार बहेगी इस पर उन्होने युवाओं से नशा, माँस एवम अन्य प्रकार कें प्रलोभन देनें वालें लोगों से दूर रहने का भी आग्रह किये ।आगे श्री ठकुरिया अपने संबोधन में यह भी बोलें कि परिवार, समाज एवम राष्ट्र का विकास तभी संभव हैं जब हम स्वयं शिक्षित होंगें इसके साथ ही शैक्षिक एवम सुलझे व्यक्ति कों आगे बढ़ने का मौका प्रदान करेंगे।

### माघ मेला में थानेदार व कोतवाल की हो गई तैनाती

**प्रयागराज।** माघ में बने थानों पर कोतवाल और थाना प्रभारी की तैनाती हो गई है। थाने का काम भी शुरू हो गया है। जीडी भी चलने लगी है। माघ मेला की सुरक्षा को देखते हुए रात में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगने लगी है। अब माघ मेला में होने वाले अपराध पर इन्हीं थानों में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक कानपुर नगर से आए दरोगा रविंद्र कुमार सिंह को थाना महावीर, महोबा से आए इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रताप सिंह को थाना परेड, प्रतापगढ़ से आए इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह को थाना संगम, बांदा से आए बलवेन्द्र सिंह को थाना अक्षयवट, प्रतापगढ़ से आए प्रकाश सिंह को कोतवाली, हमीरपुर से आए कृष्ण मोहन पांडेय को प्राचीन गंगा, सिद्धार्थनगर से आए अजीत प्रताप सिंह को थाना प्रयागवाल, कानपुर देहात से आए जय कुमार पांडेय को खाकचौक, बांदा से आए कमला प्रसाद मिश्र को थाना कल्पवासी, वाराणसी से आए राजेश सिंह को थाना झूंसी, आजमगढ़ से आई गीता देवी को महिला थाना और कड़ेदीन को जल पुलिस प्रभारी बनाया गया है।

## गर्म कपड़े और स्कूल बैग मिलते ही खिले चेहरे

**शंकरगढ़।** उत्तर प्रदेश में जहां वैश्विक महामारी कोविड-19 के चलते 8वीं तक के बच्चों की शिक्षा सबसे अधिक प्रभावित हुई। वहीं सामाजिक संस्था एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी क्राई न्यू दिल्ली के सहयोग से शंकरगढ़ क्षेत्र के गन्ने, ककरहा, दद्दा का पूरा एवं ललई में संचालित लर्निंग कार्नर के माध्यम से 100 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखने का प्रयास जारी है। बच्चों के पहचान के अधिकार को मद्देनजर रखते हुए बच्चों के आधारकार्ड बनाए जाने के लिए प्रयागराज के प्रधान डाकघर के अधीक्षक से मुलाकात कर पिछले दिनों क्षेत्र में कैंप का आयोजन करवाया गया।

इसी बीच संस्था के निदेशक कमलेश चंद्र एवं साथियों ने डाक विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक संजय से अपने कार्यों के बारे विस्तृत चर्चा किया, जिससे प्रभावित होकर इनर व्हील क्लब नार्थ प्रयागराज एवं संस्था के साझे समन्वय से गन्ने में बच्चों के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब की अध्यक्ष गीता सचदेवा और उनके सहयोगी साथी रेहाना खान, ऊषा त्रिपाठी, रानी शुक्ला, रेनू घई, मोना, शोभा, भारती और किरन मौजूद रहीं। उन्होंने केंद्र के 40 बच्चों को बैग, स्वेटर, मोजा, स्कार्फ, कॉपी, स्टेशनरी, मास्क आदि वितरित किया साथ ही सभी बच्चों को टॉफी, गुब्बारे, चॉकलेट आदि सामग्री बांटी। इस दौरान सम्मिलित सदस्यों ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्लब की तरफ से उपस्थित किशोरियों व महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था से नाजिया मंसूर, संतोष कुमार, इमरान हुसैन शामिल रहे । स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद दिया।



उपस्थित संस्था के सदस्य व बच्चे

### प्रेमिका को धोखा देकर दूसरी शादी रचाने वाला गिरफ्तार

**नैनी।** प्रेमिका को धोखा देकर दूसरी शादी रचाने वाले युवक के खिलाफ नैनी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिए। महेवा गांव की रहने वाली एक महिला ने सोमवार को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उसकी पहले किसी और से शादी हो गई थी। जिससे उसका तलाक हो गया। करीब डेढ़ साल पहले उसका रिश्ता शशि निषाद पुत्र राजकुमार निषाद निवासी काजीपुर, चक दाउद नगर, नैनी के साथ हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शशि निषाद ने उसे शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इस बीच जुलाई 2019 में वह गर्भवती हो गई और बाद में एक बेटी को जन्म दिया, जो इस वक्त करीब आठ महीने की हो गई है।

## संक्षेप समाचार

### कार की टक्कर से सड़क पर गिरा घायल युवक तभी ट्रक यमदूत बनकर आ गया

**प्रयागराज।** जनपद के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र में प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर हरभानपुर पेट्रोल पंप के सामने बुधवार की देर शाम तेज रफ्तार में बेकाबू एक कार ने बाइक सवार युवक को जबरदस्त टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल होकर गिरा तभी प्रयागराज शहर की तरफ जा रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया। पहले से जख्मी युवक की ट्रक से कुचलने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने घरवालों को यह दुखद खबर दी। पुलिस ने बताया कि आधार कार्ड से पता चला है कि हादसे का शिकार युवक राहुल कुमार सोनी (26 वर्ष) पुत्र कल्लू सोनी निवासी शहर में नवाब युसूफ रोड सिविल लाइंस इलाके का रहने वाला था। वह बुधवार देर शाम तकरीबन साढ़े छह बजे प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर हर भानपुर पेट्रोल टंकी के पास पहुंचा था कि तभी फूलपुर से जा रही कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। राहुल गंभीर रूप से घायल होकर बाइक से सड़क पर जा गिरा। कुछ ही पल के बाद फूलपुर की तरफ से जा रहे ट्रक ने सड़क पर जख्मी पड़े राहुल कुमार सोनी को कुचल दिया। आसपास के लोगों और राहगीरों ने देखा तो इस घटना की खबर पुलिस को दी। कुछ देर बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तो नब्ज टटोलने से माना गया कि ट्रक से कुचलने की वजह से युवक की मौत हो चुकी है। पुलिस ने तलाशी ली तो जेब में आधार कार्ड के अलावा एक बैग मिला जिसमें नकदी और आभूषण थे। पुलिस का कहना है कि परिवार के लोगों को खबर देकर एसआरएन अस्पताल पहुंचने के लिए कहा गया है क्योंकि राहुल का शव सीलकर शहर के पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है।

## मा0 मंत्री जी के द्वारा 5 मंगल दलों के चयनितों को खेल-सामाग्री का किया गया वितरण

### मा0 मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित युवक/महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम का एनआईसी में हुआ सजीव प्रसारण

**प्रयागराज।** मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित युवक/ महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम में खेल सामाग्रियों का वितरण किया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि गांव के युवाओं को खेल से जोड़ना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। युवा अगर खेल से जुड़ता है तो वह गांव के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही वह नशे से भी मुक्त रहता है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान होना चाहिए और ओपन जिम भी हो, जिससे युवा पीढ़ी स्वस्थ और प्रतिस्पर्धी बनेंगे व उनके अंदर टीम भावना भी विकसित होगी, जिससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ओलंपिक पदक जीतने वाला भी लगातार परिश्रम के बाद ही पदक प्राप्त करता है और उसकी शुरूआत भी निचले स्तर से ही होती है। युवाओं के सशक्त बनने से समाज का विकास होता है। सभी जनपदों में खेल सामाग्री/किट वितरित की जा रही है। युवा बिना भेदभाव के आपस में मिलकर इन खेल सामाग्रियों का प्रयोग करेंगे। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर राजस्व ग्राम में युवक मंगल दल का गठन कर उन्हें खेल सामाग्री उपलब्ध कराया जाना चाहिए। मा0 मुख्यमंत्री जी ने सभी युवाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सजीव प्रसारण एनआईसी में किया गया, जिसमें मा0 कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के साथ ही विधायक फाफामऊ विक्रमाजीत मौर्य, मा0 विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, मा0 विधायक कोरांव-राजमणि कौल, जिलाधिकारी-भानु चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी-आशीष कुमार, उप निदेशक युवा कल्याण सन्दीप कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी के द्वारा जनपद के 05 चयनित मंगल दलों को जिसमें से 03 युवक एवं 02 महिला मंगल दलों के 02-02 आमंत्रित युवाओं को खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई। प्रोत्साहन सामाग्री का वितरण शंकरगढ़ के पहाड़ी कला युवक मंगल दल, धनूपरु के वीरापुर धोबाह युवक मंगल दल, हण्डिया के सियाडीह युवक मंगल दल, सैदाबाद के डुढ्आ महिला मंगल दल एवं माण्डा के केडवर महिला मंगल दल को किया गया। खेल प्रोत्साहन सामाग्री में मंगल दलों को वॉलीबाल 4 अदद, वॉलीबाल नेट 2 अदद, फुटबाल 04 अदद, इन्फलेटर 2 अदद, डिप्स स्टैण्ड 01 जोड़ा व स्किपिंग रोप 01 अदद उपलब्ध करायी गयी। मा0 मंत्री ने मंगल दलों को खेल सामग्री वितरण के उपरांत युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मंगल दलों की ग्रामीण विकास में महती भूमिका है। युवाओं को अपने-अपने ग्रामों के विकास में अभिरूचि रखनी चाहिए और एक सार्थक समाज की व्यवस्था में योगदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की यह कल्पना ही नहीं बल्कि सपना भी है कि पूरे उत्तर प्रदेश की महिलाएं/ युवाओं का सशक्तीकरण हो। जब सशक्त युवा होता है तब सशक्त राज्य, देश एवं समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि यह योजना बहुत ही पुरानी थी, जिसपर किसी ने ध्यान नहीं दिया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने इस योजना को फिर से शुरू किया है और आज हजारों की संख्या में मंगल दल बन रहे है, जिससे युवा पीढ़ी को जोड़ा जा रहा है।






मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सजीव प्रसारण से जुड़े मंत्री, विधायक व अधिकारीगण




चयनित मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री किया गया वितरित

## 'फिट इण्डिया' अभियान के तहत कोर में साइक्लोथान का आयोजन



फिट इण्डिया अभियान के तहत 5 किलोमीटर साइक्लोथान को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** युवा मामलों और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में पूरे देश में फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए फिट इण्डिया अभियान के तहत दिसम्बर 2020 में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज भी भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए इस 'फिट इण्डिया' अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। इसके तहत फिटनेस संबंधी कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। बुधवार को इस अभियान के तहत केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह, ने मुख्यालय में सुबह 7:45 बजे फिटनेस का डोज-आधा घंटा रोज कार्यक्रम के तहत 05 किलोमीटर साइक्लोथान को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जो मुख्यालय से प्रारम्भ होकर फायर ब्रिगेड चौराहा, चन्द्रशेखर आजाद पार्क एवं सुभाष चौराहा होते हुए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, के मैत्री क्लब में सम्पन्न हुआ। इसमें कोर के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर अरुण कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सुरेश कुमार, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, डी०के० गुप्ता, प्रमुख वित्त सलाहकार, श्रीमती प्रमिला सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, एवं एस०के० मिश्रा, सचिव महाप्रबन्धक (सचिव रेसा) उपस्थित रहे।

### हजारों पेंशनरों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र हुआ निरस्त

**प्रयागराज।** डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने वाले हजारों पेंशनरों का प्रमाण पत्र निरस्त हो गया है। आधार और नाम में गड़बड़ी के कारण ज्यादातर पेंशनरों का डिजिटल जीवन प्रमाण निरस्त हुआ है। हांलाकि जिन पेंशनरों का जीवन प्रमाण पत्र निरस्त हुआ है उनके पास इसे जमा करने का फरवरी तक का समय है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के माध्यम से इलाहाबाद परिक्षेत्र में लगभग 60 हजार के आसपास लोग पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इनमें से आठ हजार के आसपास लोगों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र निरस्त हो गया है। सहायक भविष्य निधि आयुक्त सूचना एवं जन संपर्क अकील अहमद सिद्दीकी ने बताया कि विभिन्न कारणों से हजारों पेंशनरों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र निरस्त हुआ है, लेकिन यह संख्या आठ हजार है या 12000 इसका अभी ब्योरा नहीं है। नवंबर में 45 हजार से पेंशनरों का प्रमाण पत्र सही प्राप्त हुआ था। एक-दो दिन में पूरी संख्या की गणना हो जाएगी। कहां कि जिन लोगों का निरस्त हुआ है उन्हें परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। फरवरी के पहले वह अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र संबंधित बैंक में जाकर जमा कर सकते हैं।

### 40 लीटर अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के बांध रोड के समीप सूलकंटेश्वर मंदिर के समीप एसआई अयोध्या प्रसाद हमराहियों संग मिलकर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 लीटर महुए से निर्मित अवैध शराब को बरामद करते हुए चालान कर दिए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में कुशवाहा नगर, अरैल निवासी राजेश कुमार पुत्र कुंज बिहारी व अरैल गांव निवासी अनिल कुमार निषाद पुत्र शंभू निषाद शामिल हैं।



आवासीय तथा व्यवसायिक संपत्तियों का आवंटन हेतु नीलामी लाटरी निकालती बच्ची

## विकास प्राधिकरण ने 16 व्यवसायिक भूखंड सहित 38 संपत्तियों का किया आवंटन

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण विभिन्न योजनाओं में खाली पड़े शांतिपुरम आवासीय योजना के तहत बुधवार को 22 आवासीय तथा 16 व्यवसायिक संपत्तियों का आवंटन बुधवार को 12:30 बजे नीलामी लाटरी के माध्यम से स्वतंत्र पर्यवेक्षक महावीर यादव सेवानिवृत्त आईएएस एवं लॉटरी समिति के सदस्यों की उपस्थिति मेंआवासीय भूखंडों एवं व्यवसायिक भूखंड का आवंटन किया आवंटन से प्राधिकरण की लगभग 16,08,60,000 रुपए की संपत्ति निस्तारित हुई।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## नव वर्ष की पूर्व संख्या पर बिना अनुमति प्राप्त किए मनोरंजक कार्यक्रम के संचालक/आयोजक न करें किसी भी प्रकार का आयोजन

**प्रयागराज।** प्र0 सहायक आयुक्त, वाणिज्य कर, श्री अरविन्द वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) अधिनियम, 2017 द्वारा उ0प्र0 चलचित्र (विनियमन) अधिनियम, 1955 की धारा-2(क-2) के अनुसार मनोरंजन में कोई प्रदर्शन, प्रस्तुतिकरण, आमोद, खेल, क्रीड़ा, केबिल सेवाऐं व अन्य प्रदर्शन, जिसमें व्यक्तियों का प्रवेश भुगतान के माध्यम से किया जाता है, सम्मिलित है तथा उक्त संशोधन अधिनियम, 2017 की धारा-4-क(1) में प्रावधानित किया गया है कि कोई मनोरंजन, जिस पर कर उदग्रहणीय हो, चाहे वह कर भुगतान करने के दायित्व से मुक्त हो या न हो, जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना आयोजित नहीं किया जाएगा। नववर्ष की पूर्व सन्ध्या पर आयोजित किए जाने वाले समस्त मनोरंजक कार्यक्रम के संचालकों/आयोजकों को सूचित किया जाता हे कि वे बिना नियमानुसार पूर्व अनुमति प्राप्त किए किसी भी प्रकार आयोजन न करें तथा समस्त थानाध्यक्ष को सूचित किया जाता है कि कोविड महामारी के दृष्टिगत इस वर्ष आयोजित किए जाने वाले नव वर्ष कार्यक्रम की अनुमति किसी को भी प्रदान नहीं की गयी है। अतए० अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत सम्भावित स्थलों/प्रतिष्ठानों की सतत निगरानी करते हुए, यदि किसी व्यक्ति/संस्था/आयोजक द्वारा बिना पूर्व अनुमति संचालन किया जाना पाया जाता है तो उनके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में दण्डात्मक कार्यवाही करने तथा अपनी आख्या सहायक आयुक्त, वाणिज्य कर (पूर्व मनोरंजन कर), कमरा नम्बर 13, नई बिल्डिंग, महात्मा गांधी पार्क के पास, कलेक्ट्रेट, प्रयागराज भिजवाने की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

### माघ मेला के हर सेक्टर में बनाए जा रहे हैं घाट

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक माह तक माघ मेला बसाया जाएगा। संगम की रेती पर माघ मेला बसाने के काम में तेजी आ गई है। अब स्नान पर्व शुरू होने में एक पखवाड़े का समय बचा है। इसलिए हर कार्य में अधिकारी दिन रात लगे हुए हैं। इसी क्रम में घाट बनाने का काम जोरशोर से चल रहा है। मेला प्रशासन इस बार हर सेक्टर में एक से दो घाट बना रहा है। कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए माघ मेला बसाना है। मेले में लोग एक स्थल पर एकजुट न हों, इसलिए कैंप दूर-दूर बसाए जाएंगे। स्नान भी सभी लोग एक ही घाट न करें, इसलिए हर सेक्टर में घाट बनाए जा रहे हैं। सबसे लंबा घाट संगम नोज पर बनाया जा रहा है। इसके अलावा हर सेक्टर में एक-एक घाट बनाया जा रहा है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं से प्रशासन की अपील है कि लोग अपने-अपने सेक्टर में बनाए गए घाट पर ही स्नान करें। सभी लोग संगम नोज न पहुंचें, जिससे भीड़ न हो।

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में 65वां रेल सप्ताह समारोह वर्चुअल माध्यम से आयोजित

### महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा जोनल विडियो सर्विलान्स कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन



अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** बुधवार को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में, वर्चुअल माध्यम से आयोजित वार्षिक 65वें रेल सप्ताह समारोह कार्यक्रम के तहत महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे राजीव चौधरी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 170 अधिकारियों और कर्मचारियों को महाप्रबंधक पुरस्कार प्रदान किये गये। समारोह के प्रारम्भ में मुख्य कार्मिक अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, नन्द किशोर ने महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, राजीव चौधरी और श्रीमती मंजु नन्द किशोर ने अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे श्रीमती ललिता चौधरी को पौधा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक रंजन यादव, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे तथा मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज, झांसी एवं आगरा तथा अन्य अधिकारियों ने वीडियो लिंक के माध्यम से भाग लिया।

समारोह से पहले महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय मे नवस्थापित जोनल वीडियो सर्विलान्स कंट्रोल सेंटर का भी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया, इस कंट्रोल सेंटर के माध्यम से 24x7 उत्तर मध्य रेलवे के 24 स्टेशन जहां सीसीटीवी की सुविधा उपलब्ध है की निगरानी की जा सकती है। यह एकीकृत प्रणाली यात्री सुरक्षा की दिशा में सहायक साबित होगी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने रेलवे सप्ताह समारोह में उपस्थित महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा और सदस्यों, सभी वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोशिएशन के पदाधिकारीगण एवं रेल सप्ताह के उपलक्ष्य में पुरस्कृत किये गये उत्तर मध्य रेलवे के समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संबोधित करते हुये 65वें रेल सप्ताह समारोह के शुभ अवसर पर सभी का हार्दिक अभिनन्दन किया। उन्होने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि रेल सप्ताह का आयोजन भारतीय रेल के शुभारंभ, उत्थान व गरिमामयी विकास यात्रा को आत्मसात करने का समय है। अपनी यात्रा के 167 वर्षो में भारतीय रेल ने देश के सवार्गीण विकास में सतत व सक्रिय योगदान दिया है। किसी भी संस्था के सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में मानव संसाधन का स्थान सबसे ऊपर व महत्वपूर्ण होता है। भारतीय रेल को विकास के पथ पर अग्रसर करने में सभी रेलकर्मियों का विषम परिस्थितियों में दिया गया योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होने आगे कहा कि उत्तर मध्य रेलवे ने कोविड-19 महामारी से उत्पन्न इन कठिन परिस्थितियों का दृढ़ता से सामना करते हुए नई सफलताओं को प्राप्त करने का श्रेय निश्चित रूप से सभी रेलकर्मियों को जाता है। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सभी मंडलों, कारखानों, यूनिटों, स्टेशनो, चिकित्सालयों आदि को रनिंग शील्डें, ट्रॉफियां एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किये गए। कोविड-19 के दृष्टिगत मुख्यालय के अतिरिक्त मंडलों तथा अन्य इकाइयों में कार्यरत रेलकर्मियों को पुरस्कार एवं शील्ड वर्चुअल माध्यम से प्रदान किए गए। झाँसी मंडल को सर्वात्तम मंडल शील्ड, सर्वोत्तम मण्डल लेखा विभाग शील्ड, कार्य बागवानी शील्ड, रेल पाठ ट्रैक शील्ड, निर्माण विभाग दक्षता शील्ड, इलेक्ट्रिक लोको शेड शील्ड, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन शील्ड, अंतर मंडलीय चिकित्सा शील्ड, मालभाड़ा परिचालन शील्ड, संरक्षा दक्षता शील्ड, यात्री सुरक्षा शील्ड, कार्य दक्षता शील्ड, स्क्रैप संग्रहण शील्ड, जन सम्पर्क समग्र दक्षता शील्ड, समग्र सुधार शील्ड मंडल आगरा मंडल को वाणिज्य शील्ड, ब्रिज शील्ड, रोलिंग स्टॉक दक्षता शील्ड, सुरक्षा दक्षता शील्ड, सिगनल दक्षता शील्ड, खेलकूद शील्ड तथा प्रयागराज मण्डल को राजभाषा शील्ड, दूर संचार दक्षता शील्ड, समय पालन में सुधार शील्ड, बेस्ट कोचिंग रेक, बेस्ट कोचिंग डिपो, सामान्य सेवा एवं ऊर्जा दक्षता शील्ड, रनिंग रूम शील्ड, समग्र इंजीयनरिंग दक्षता शील्ड प्राप्त हुई। इसी क्रम में रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली को सर्वोत्तम कारखाना शील्ड, इटावा को स्टेशन साफ सफाई शील्ड रु.15,000/-, झाँसी को सर्वोत्तम स्टेशन प्रमाण पत्र रु.10,000/-, केंद्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज को सर्वोत्तम चिकित्सालय शील्ड, सूबेदारगंज स्वास्थ्य केंद्र को सर्वोत्तम स्वास्थ्य केन्द्र शील्ड, एम एल आर कारखाना, झांसी को कारखाना दक्षता शील्ड, सामान्य भण्डार डिपो, झांसी को भण्डार दक्षता शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक एवं अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ । समारोह में स्वागत भाषण प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी नन्द किशोर द्वारा दिया गया और कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्मिक अधिकारी/ आई आर अवधेश कुमार और मुख्यालय कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज गुरूवार, 31 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### रात का पारा लुढ़का, दिन में उछाल

**प्रतापगढ़।** बफीर्ली हवा के चलते रात के पारे में गिरावट दर्ज की गई है। दिन में तेज धूप और बादल के चलते अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस का उछाल हुआ है। पहाड़ों पर हो रही जोरदार बर्फबारी से मैदानी इलाके में सर्द हवाओं का कहर बना है। मंगलवार शाम से ही हल्का कोहरा बना रहा जबकि आसमान साफ था। इसके चलते न्यूनतम पारा 6.8 से फिसलकर 5.0 डिग्री सेल्सियस पर आ पहुंचा। पारा गिरने से रात में कड़ाके की ठंड बनी रही। बुधवार सुबह भी ठंड और कोहरे के साथ आई। कुछ देर बाद धूप निकली तो लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिली। दोपहर तक धूप बनी रही, इसके बाद बादल छा गए। मौसम के बदलाव से अधिकतम पारा 19.5 डिग्री सेल्सियस से उछलकर 21.6 पर जा पहुंचा। सनई अनुसंधान केंद्र के मौसम विशेषज्ञ देश राज मीना ने बताया कि सर्द हवा से रात के पारे में गिरावट हुई है जबकि धूप और बादल से अधिकतम पारे में उछाल हुआ है। यह भी बताया कि अगर सर्द हवा की रफ्तार ऐसे ही रही तो आगे भी ठंड और पड़ेगी।

## आंगनवाड़ी क्षेत्र से खत्म कराई जाए स्वयं सहायता समूह की भागीदारी : माया सिंह

**स्वयं सहायता समूह के जिम्मेदारों द्वारा राशन में धांधली व अनिमियता से आक्रोशित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने कलेक्ट्रेट में किया धरना प्रदर्शन**



मांगों को लेकर प्रदर्शन करती आंगनवाडी कार्यकत्रियां

**कौशांबी।** आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती धात्री किशोरी 0 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं को योगी सरकार ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से संचालित करने की घोषणा की है योगी सरकार की इस घोषणा के बाद स्वयं सहायता समूह की भागीदारी आंगनवाड़ी की योजनाओं में बढ़ गई है लेकिन स्वयं सहायता समूह के जिम्मेदार इस योजना के संचालन में सहयोग करने के बजाए अब बाधक बन चुके हैं जिससे आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन कुशलतापूर्वक नहीं हो पा रहा है स्वयं सहायता समूह के धांधली के विरोध में आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष माया सिंह सभा के माध्यम से सरकार से मांग की है कि स्वयं सहायता समूह की धांधली बंद कराई जाए।

सरकार के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की गर्भवती धात्री किशोरी और 0 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए राशन मुहैया कराने की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह को दी गई है लेकिन इस वितरण की जिम्मेदारी को पारदर्शी तरीके से संचालित करने के बजाय स्वयं सहायता समूह के जिम्मेदार राशन धांधली व अनियमितता में शामिल हो गए हैं जिससे केंद्रों की स्थिति खराब हो रही है आंगनवाड़ी सहायिकाओं की आधार कार्ड के आधार पर समाप्त की जा रही सेवा को तत्काल बहाल करने की मांग मानदेय का पूरा भुगतान करने की मांग आंगनवाड़ी सहायिका को फंड पेंशन की सुविधा की मांग मुख्य सेविका को एक ही परियोजना से कई सालों तक डटे रहने के मामले में उन्हें परियोजना से हटाया जाए जैसे विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ ने माया सिंह जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा है।

आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूह द्वारा राशन की धांधली और बड़े पैमाने पर अनियमितता की जा रही है जिसे तत्काल समाप्त कराया जाए इस मौके पर जिला संरक्षक अमित सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष संजना दीक्षित जिला महामंत्री सुषमा सिंह गीता देवी रेनू प्रजापति रानी देवी सोफिया बेगम कमला देवी राजा बेटी शकुंतला देवी रीता देवी बच्ची देवी रेनू प्रजापति सुनीता देवी कल्पना देवी मंजू देवी सहित भारी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने धरना प्रदर्शन कर अपने अधिकार को मांगा है।



गांव की गलियों में गंदगी व कीचड़ का दृश्य।

## गांव की गलियों में लगा गंदगी का अंबार

**कौशाम्बी।** मंझनपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत चक था?भा गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है लोगों को कीचड़ पानी युक्त सड़कों से होकर आना जाना पड़ता है प्रधानी का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद भी विकास कार्य से चक था?भा गांव अछूता रह गया ग्रामीणों का कहना है कई बार ग्राम प्रधान से मांग की गई बावजूद इसके नाली निर्माण नहीं हो सका जिससे घरों का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है लोगों को गंदे पानी से होकर आना जाना पड़ता है लोगों ने मुख्य विकास अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गांव में नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**कुंडा, प्रतापगढ़।** सूरत से शादी के लिए घर आए युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज को सीएचसी से प्रयागराज ले जाया गया है। युवक के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रयागराज के होलागढ़ थाना क्षेत्र के दहियावां गांव निवासी लालता प्रसाद गुप्ता गुजरात के सूरत में परिवार के साथ रहते हैं। बेटे प्रदीप कुमार उर्फ रामबाबू (25) की 13 दिसंबर को शादी थी। इसमें शामिल होने को पूरा परिवार आया था। मंगलवार दोपहर वह बाइक से अपने रिश्तेदार के घर नया पुरवा सुजौली कुंडा जा रहा था। कुंडा के रमबगिया चौंसा गांव के पास पहुंचा। सामने से बाइक से आ रहे रहवई कुंडा गांव निवासी मुस्तकीम बेग (60) की बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार हुई की दोनों बाइक समेत सड़क पर जा गिरे। प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मुस्तकीम बेग गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को खबर देखर घायलों को इलाज को सीएचसी भेजा। प्रदीप उर्फ रामबाबू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि मुस्तकीम की प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने स्वरुपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। युवक के मौत की खबर सुनते ही उसकी मां विमला देवी समेत पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

### ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत

**कुंडा, प्रतापगढ़।** ट्रैक्टर से गिरकर उसके नीचे आने से मजदूर की मौत हो गई। वह देर रात मिक्सर मशीन लेकर लौट रहे ट्रैक्टर के साथ घर आ रहा था। उसके साथ रहे लोग शव घर के दरवाजे पर छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कुंडा के भदरी गांव निवासी जगेसर हरिजन (50) पुत्र रामदेव मजदूरी करता था। गांव के ही एक व्यक्ति ने मिक्सर मशीन रखी है। वह निमार्णाधीन मकानों में लिंटर डालने के काम आती है। सोमवार को श्रृंगवेरपुर में लिंटर डालने के लिए मशीन गई तो उसके साथ जगेसर भी गया था। लिंटर डालने के बाद घर लौटते समय देर शाम रास्ते में जगेसर ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। इससे उसकी मौत हो गई। आरोप है कि साथ रहे लोग शव दरवाजे पर रखकर भाग निकले। कुछ देर बाद मृतका की पत्नी विमला देवी बाहर निकली तो पति का शव देख दंग रह गई। आसपास के लोग पहुंचे।पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा किया। घटना को लेकर परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश है। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक की तीन बेटियां पूनम, प्रियंका, सोनिका हैं। अभी एक भी बेटी की शादी नहीं हुई है। विमला देवी इस बात को लेकर परेशान है कि बेटियों के हाथ कैसे पीले होंगे। विमला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## पोषाहार लेकर भागे युवक, विरोध पर कार्यकत्री को पीटा

**प्रतापगढ़।** गर्भवती, धात्री महिलाओं व कुपोषित बच्चों को पोषाहार वितरण करते समय दो युवक पहुंचे और राशन लेकर भाग निकले। पोषाहार को दुकान पर ले जाकर बेच दिया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री इसकी शिकायत करने आरापित के घर गई तो उसे चप्पलों से पीटा। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने पुलिस को मामले की नामजद तहरीर दी है।मानिकपुर थाना क्षेत्र के बरवलिया की रेखा कुमारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कालाकांकर में अतौलिया के आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यकत्री है। 27 दिसंबर को वह केंद्र पर गर्भवती, धात्री महिलाओं, कुपोषित बच्चों को पोषाहार बांट रही थी, तभी गांव के देवराम का पुरवा मोहल्ले के दो युवक पहुंचे और बांटे जा रहे पोषाहार को लेकर भाग निकले। इसके बाद दुकान पर ले जाकर बेच दिया। वह पीछे-पीछे उनके घर पहुंची और शिकायत करने लगी तो उन लोगों ने उसे चप्पलों से पीट दिया। इससे उसे काफी चोटें आई। अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। एसओ सुभाष यादव का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।




कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा निकाली गयी पदयात्रा

## कांग्रेस के पदाधिकारियों ने निकाली पदयात्रा

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर बुधवार को पदाधिकारी व कार्यकताओं ने पदयात्रा निकाली। जिलाध्यक्ष बृजेंद्र मिश्र महासचिव सन्तोष तिवारी के नेतृत्व में यह पदयात्रा निकाली। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर शीर्ष नेताओं के निर्देश पर इस प्रकार का आयोजन जिला कमेटी के पदाधिकारियों की ओर से कराया जा रहा है।

### जरूरतमंदो को बांटे गये कम्बल, हुआ सुंदरकाण्ड

**प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ़ के जनई गांव मे जरूरतमंदो को बुधवार को कंबल वितरित किया गया। समाजसेवी एवं शिक्षक नवीन द्विवेदी ने तीन सौ लोगों को ठण्ड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया। उन्होने कहा कि गरीबों की सेवा मे ही सही पुण्य निहित हुआ करता है। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि बाबा धीरेन्द्र महराज रहे। संचालन साहित्यकार सौरभ ओझा ने किया। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल पर सामूहिक सुंदरकाण्ड का पाठ भी हुआ। इस मौके पर अजय शुक्ल, बब्लू शुक्ल, रोगई, रामअंजोर तिवारी, डा. सौरभ श्रीवास्तव आदि रहे। कार्यक्रम मे ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देख आयोजको के चेहरे खिल आये। वहीं कंबल मिलने से जरूरतमंदो मे भी प्रसन्नता का भाव दिखा।

## युवा एंटी करप्शन जिला प्रभारी प्रतापगढ़ ने की सूरत महानगर प्रमुख का स्वागत

**प्रतापगढ़।** युवा एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन उत्तर प्रदेश जो कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एक रजिस्टर्ड सामाजिक संगठन है और इसके संगठन को मजबूत बनाने में भरसक प्रयास कर रही है। टीम का उद्देश है गरीबों की मदद करना और भ्रष्टाचार को समाप्त कराना टीम के कार्यकताओं का कहना है कि उनके आसपास कोई भ्रष्टाचार संबंधित घटनाएं आती है तो और पूरी टीम को मदद से उसको संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाता है और उस पर भरसक प्रयास कर न्याय दिलाने की कोशिश करते हैं। इन्हीं में एक है उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के जिला प्रभारी अवनीश तिवारी जो कि वर्तमान में गुजरात प्रांत के सूरत जिला सचिव ग्राम पारडी में रह कर समाज हित में अपना अच्छा योगदान दे रहे हैं। और प्रतापगढ़ से लेकर अपने आसपास के टीम के हर सुख दुख में शामिल होते रहते हैं जिनके द्वारा आज सूरत महानगर के नवनियुक्त प्रमुख दीपक चौधरी व युवा नवनियुक्त महामंत्री प्रणव सिंह से मिलकर उनका भव्य स्वागत किया गया।

## जिला स्वच्छता समिति की डीएम ने की समीक्षा

**सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्यो को गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करायें : डीएम**




जिला स्वच्छता समिति की जिलाधिकारी समीक्षा करते

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार की अध्यक्षता में कल सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में अधिकारियों के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने गतवर्ष के बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करते हुये कहा कि ग्राम पंचायतों में जो शौचालय निर्माण का कार्य पूर्व में कराया गया था उसकी जियो टैगिंग की कार्यवाही की जा चुकी है। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत जनपद की ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कार्यो की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है ।

### तीन आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट तथा तोडफोड का केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे आचार्य तेजगढ़ की अफसाना बेगम ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्तींस दिसंबर को शाम पांच बजे बच्चों के विवाद मे विपक्षियो ने उसे घर मे घुसकर मारापीटा। विपक्षी गांव के आरिफ, गयास तथा अफजरूल निशा ने लाठी डंडे से दरवाजे पर गाली देते हुए उसके घर घुस आये। विपक्षियो ने मारपीट करते हुए गृहस्थी के सामान मे तोडफोड भी की। शोर मचाने पर जानलेवा धमकी देते आरोपी चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात आरोपी गयास समेत तीन के खिलाफ कई गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है।

## प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री किट वितरण का एन0आई0सी0 में हुआ सजीव प्रसारण

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज लखनऊ में युवक/महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री किट का वितरण किया गया। जिसका सजीव प्रसारण एन0आई0सी0 के सभागार हुआ जिसका अवलोकन जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अरूण कुमार सिंह, विधायक रानीगंज के प्रतिनिधि नीरज ओझा, पर्यावरण सेना के अजय क्रान्तिकारी सहित युवक/महिला मंगल दल के अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा किया गया। जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने इस दौरान जनपद के 07 युवक/महिला मंगल दलों के अध्यक्ष एवं सदस्य को खेलकूद सामग्री किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने युवक/महिला मंगल दल के अध्यक्ष एवं सदस्य से ग्रामसभा स्तर पर किये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और कहा कि ग्राम स्तर पर शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं उनके क्रियान्वयक में सहयोग करें, स्वच्छता कार्यक्रम, सामुदायिक वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद व योग का आयोजन एवं उनमें सहभागिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, रक्तदान, आपदा प्रबन्धन, श्रमदान, स्वास्थ्य जागरूकता जैसे टीकाकरण अभियान, परिवार नियोजन व अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रमों में सहयोग एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रमों/कार्यो में सहभागिता जैसे जल संरक्षण, जैविक खेती का प्रचार प्रसार, अल्प बचत, सम्पूर्ण साक्षरता, नशा मुक्ति आदि के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जाये।




खेलकूद सामग्री का वितरण करते जिलाधिकारी

## मरम्मत की वजह से गुल रही बिजली



विद्युत पोल पर चढ़कर मरम्मत करता कर्मचारी

**प्रतापगढ़।** सिविल लाइंस पुलिस चौकी से टण्डन पार्क तक कि लाइन की मरम्मत की गई।बुधवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बत्ती गुल रही। सिविल लाइंस में पुलिस चौकी से टन्डन पार्क तक सड़क के दोनों किनारों से बिजली का पोल हटाया जाएगा।डिवाडर पर लगे बिजली के पोल पर नए बिजली के तार लगाए जा रहे हैं।बुधवार को डिवाडर के मध्य लगे बिजली के नए पोल का विद्युतीकरण किया गया इसकी वजह से दहिलामऊ उपकेंद्र के दो फीडर पर चार घण्टे तक बिजली गुल रही।सड़क किनारे पुराने पोल को हटाने का काम भी जल्द शुरू होगा।

## कोविड अस्पताल एवं होम आइसोलेशन मरीजों की निरन्तर की जाये निगरानी : डीएम

**जिलाधिकारी ने कोविड-19 की रोकथाम व बचाव हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक**




बचाव व रोकथाम के लिए बैठककरते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने एल-2 जिला महिला चिकित्सालय में कोविड-19 की रोकथाम व बचाव हेतु मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुये कहा कि कोविड अस्पताल के मरीजों एवं होम आइसोलेशन मरीजों की निरन्तर निगरानी करते रहे, यदि किसी भी मरीज द्वारा कोई भी शिकायत की जाती है तो यथाशीघ्र उसका निस्तारण करायें और उनको कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार समस्त सुविधायें निरन्तर प्राप्त कराये, यदि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता बरती जायेगी तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही तय है, इसलिये सभी डाक्टर, अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों को भलिभांति समझें और उसक सम्यक निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि होम आइसोलेसन में रखे गए कोविड संक्रमित रोगियों की देख-रेख हेतु ब्लाक स्तर पर कार्यरत आरआरटी टीम द्वारा व्यक्ति के घर जाकर सत्यापन किया जाये, मरीजों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी एवं औषधियां प्रदान की जाती है कि नही के सम्बन्ध में रोगियों से प्रतिदिन इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर द्वारा जानकारी प्रतिदिन प्राप्त की जाये, यदि आरआरटी टीम द्वारा कोई लापरवाही बरती जा रही हो तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होने निर्देशित किया कि जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक ट्रेसिंग कर कोविड-19 संक्रमित व्यक्ति मिलने के बाद मानक के अनुरूप की होम आइसोलेशन की सुविधा दी जाये तथा संक्रमित मरीजों को एल-2 चिकित्सालय में भर्ती करा कर उनके समुचित उपचार किये जाये। उन्होने कहा कि आरआरटी टीमों द्वारा मानक के अनुरूप चिन्हित पाये गये व्यक्तियों की सैम्पलिंग करायी जाये। होम आइसोलेशन मरीज किसी भी दशा में घर से बाहर नहीं निकलना चाहिये अन्यथा वह व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के सम्पर्क में आकर उसे संक्रमित कर देगा। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी सघनता से मानीटरिंग नियमित रूप से करायी जाये। कोरोना वायरस से बचने के लिये लोगों को फेस मास्क पहनने एवं सोशल डिस्टेसिंग का अनुपालन करने हेतु निरन्तर जागरूक किया जाये। जिलाधिकारी ने कोरोना वैक्सीन की अब तक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में भी मुख्य चिकित्साधिकारी से जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## इंटर कालेज की बाउंड्री तोड़ने का आरोप, सौंपा ज्ञापन



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते

**प्रतापगढ़।** शिक्षक नेताओं ने एडीआईओएस को ज्ञापन देकर एक इंटर कालेज की बाउंड्री तोड़ने के मामले में कार्यवाही की मांग की है। शिक्षक नेता त्रिलोचन सिंह ,प्रबंधक वीरभान सिंह आदि ने बुधवार को एडीआईओएस कार्यालय में ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि कालिका सिंह इंटर कालेज की बाउंड्री को अराजकतत्वों ने तोड़ दिया है।आरोपियों की ओर से कुछ निर्माण कराया जा रहा है।विरोध करने पर आरोपी मारपीट करने पर आमादा हैं।एडीआईओएस ने मामले के जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।